# UTTAR PRADESH SHASHAN
# AWAS EVAM SAHARI NIYOJAN ANUBHAG-1

In pursuance of the provisions of clause (3) of article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following Notification no.

3977/8-1-11-115D.A./02T.C.-I dated 16 November, 2011

NOTIFICATION

No. 3977/8-1-11-115D.A./02T.C.-I

Lucknow : Dated 16 November, 2011

In exercise of the powers under sub-section (6) of section 14 of the Uttar Pradesh Apartment (Promotion of Construction, Ownership and Maintenance) Act, 2010 (U.P. Act no. 16 of 2010), the Governor hereby makes the following Model Bye-laws in accordance with which every Association of Apartment Owners shall make its Bye-laws at its first meeting for the administration of the affairs in relation to the apartments and the property appertaining thereto:-

## MODEL BYE-LAWS

## CHAPTER-I

## PRELIMINARY

**1. Short title, and application—** (1) These bye-laws may be called the Bye-laws of the............(here insert the name of condominium) Condominium.

(2) The provisions of these Bye-laws apply to the ...............Condominium.

**2. Definitions—** In these bye-laws, unless the context otherwise requires-

(a) 'Act' means the Uttar Pradesh Apartment (Promotion of Construction, Ownership and Maintenance) Act 2010.

(b) 'Association' means the Association of all the apartment owners constituted by the such owners for the purpose of the ........................... condominium;

(c) 'Board' means the Board of management consisting of 4 to 10 Office Bearers who shall be the owners of apartments in the................ condominium;



# उत्तर प्रदेश शासन
# आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1

संख्या : 3977/आठ–1–11–115डी0ए0/02टी.सी.–I

लखनऊ : दिनांक : 16 नवम्बर, 2011

## अधिसूचना

उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट (निर्माण, स्वामित्व और अनुरक्षण का संवर्धन) अधिनियम, 2010 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 16, सन् 2010) की धारा 14 की उपधारा (6) के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल निम्नलिखित आदर्श उपविधि बनाते हैं जिसके अनुसरण में अपार्टमेंट स्वामियों का प्रत्येक संघ, अपार्टमेन्ट और उससे संपृक्त सम्पत्ति के संबंध में क्रिया कलापों के प्रशासन हेतु अपनी प्रथम बैठक में अपनी उपविधि बनाएगा :–

## आदर्श उप–विधि

## अध्याय–एक

## प्रारम्भिक

**1. संक्षिप्त नाम और प्रयोज्यता–** (1) यह उप–विधि ..................................(यहां फ्लैट श्रृंखला का नाम अंकित करें) फ्लैट श्रृंखला की उप–विधि कही जाएगी।

(2) इस उपविधि के प्रावधान ................................... फ्लैट श्रृंखला पर लागू होंगे।

**2. परिभाषाएं–** जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो इस उपविधि में, –

(क) 'अधिनियम' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट (निर्माण, स्वामित्व और अनुरक्षण का संवर्धन) अधिनियम, 2010 से है,

(ख) 'संघ' का तात्पर्य ....................................... फ्लैट श्रृंखला के प्रयोजनों के लिए अपार्टमेंट स्वामियों द्वारा गठित सभी अपार्टमेन्ट स्वामियों के संघ से है,

(ग) 'बोर्ड' का तात्पर्य प्रबंधन बोर्ड से है जिसमें 4 से 10 पदधारी होंगे जो कि ..... ................................. फ्लैट श्रृंखला में अपार्टमेन्ट के स्वामी होंगे,

(घ) 'भवन' का तात्पर्य ...................... .......... पर अवस्थित भवन से है और जिसे ................................... फ्लैट श्रृंखला के रूप में जाना जाता है और जिसमें उसकी अंगभूत भूमि भी सम्मिलित है,

(ङ) स्वामियों का 'बहुमत' से तात्पर्य उन स्वामियों से है जो मतों के 51 प्रतिशत के धारक हैं,

(d) 'Building' means the building located at .............................. and known as the .......................... Condominium and includes the land forming part thereof;

(e) 'Majority' of owners means those owners holding 51 per cent of the votes.

(f) 'Owners' or 'apartment owners' means the person owning an apartment in the.......................................... condominium;

(g) 'Section' means a section of the Act;

(h) 'Unit' means a Dwelling or Non-dwelling Unit in the.................... comdominium;

(i) 'Registrar' means the Registrar under the provisions of the Societies Registration Act.

3. **Objects of Association**— (1) The objects of the Association shall be—

(a) to be and to act as the Association of Apartment owners of the building called.....................(hereinafter called the said building).

(b) to invest or deposit money;

(c) to provide for maintenance, repair and replacement of common areas and facilities by contributions from the apartment owners and if necessary by raising loans for that purpose;

(d) to retain and rent out on license suitable portions of the common areas to outsiders for commercial purposes if all the members agree and give written consent after obtaining the permission of the concerned authority and to accumulate the same for making a reserve fund; to be used for major repairs of the building.

(e) to provide for and do all or any of the matters provided in sub-section (7) of section 14.

(f) to advance with the consent of the apartment owners, any short-term loan to any apartment owner(s) in case of any emergent necessity and to provide for the repayment thereof in lumpsum or in instalments;

(g) to establish and carry on, on its own accord or jointly with individuals or institutions, educational, physical, social and recreative activities for the benefit of the apartment owners;



(च) 'स्वामियों या 'अपार्टमेन्ट स्वामी' का तात्पर्य ........................ फ्लैट श्रृंखला में किसी अपार्टमेंट का स्वामित्व रखने वाले व्यक्ति से है,

(छ) 'धारा' का तात्पर्य अधिनियम की धारा से है,

(ज) 'रजिस्ट्रार' का तात्पर्य सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के प्रावधानों के अधीन रजिस्ट्रार से है।

3. **संघ के उद्देश्य**— संघ के निम्नलिखित उद्देश्य होंगे –

(क) .................................. (जिसे एतत्पश्चात् उक्त भवन कहा गया है) नामक भवन के अपार्टमेंट स्वामियों का संघ होना और के रूप में कार्य करना।

(ख) धन का विनिवेश या जमा करना,

(ग) अपार्टमेंट स्वामियों के अंशदान द्वारा साझा क्षेत्रों और सुविधाओं के अनुरक्षण, मरम्मत और प्रतिस्थापन और यदि आवश्यक हो तो उस प्रयोजनार्थ ऋण लेकर व्यवस्था करना,

(घ) यदि सभी सदस्य सहमत हों और संबंधित प्राधिकारी की अनुमति के पश्चात लिखित सहमति दें तो वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए बाहरी व्यक्तियों को साझा क्षेत्रों के उपयुक्त अंशों को अपने पास बनाये रखना और लाइसेंस पर किराये पर देना और एक संरक्षित निधि बनाने के लिए उसे संचित करना जिसे भवन की प्रमुख मरम्मतों के लिए प्रयोग किया जाएगा।

(ङ) धारा 14 की उपधारा (7) में उपबंधित सभी या किन्हीं मामलों को करना या के लिए व्यवस्था करना,

(च) अपार्टमेंट स्वामियों की सहमति से किन्हीं अपार्टमेंट स्वामी/स्वामियों को किसी अत्यधिक आवश्यकता की दशा में कोई अल्प कालिक ऋण देना और एकमुश्त या किश्तों में उसके प्रतिसंदाय के लिए उपबंध करना,

(छ) अपार्टमेंट स्वामियों के हितार्थ शैक्षिक, शारीरिक, सामाजिक और मनोरंजनात्मक क्रिया कलापों को अपनी स्वयं की इच्छा से या व्यष्टियों या संस्थाओं के साथ सयुंक्त रूप से स्थापित करना या चलाना,

(ज) संघ की सामान्य सभा के अनुमोदन से और सक्षम प्राधिकारी से परामर्श के पश्चात नियमावली बनाना और संघ से कर्मचारियों के हितार्थ यदि आवश्यक हो तो भविष्य निधि और उपदान निधि स्थापित करना,

(h) to frame rules with the approval of the general meeting of the Association and after consulting the Competent Authority and to establish a provident fund and gratuity fund, if necessary for the benefit of the employees of the Association ;

(i) to do all things necessary or otherwise provide for their welfare expedient for the attainment of the objects specified in these bye-laws.

(2) The Association shall not act beyond the scope of its objects without duly amending the provisions of these bye-laws for the purpose.

4. **Members of Association—** (1) All persons who have purchased apartments in ................ condominium and executed a deed of apartment, shall automatically be the members of the Association and will pay the entrance fee of one thousand rupees. Each apartment owner shall receive a copy of the bye-laws.

(2) Upon the sale, bequest or transfer of apartment, the purchaser of the apartment or the grantee or legatee or the transferee shall automatically become the member of the Association and shall be admitted as member on payment of the entrance fee of one thousand rupees.

5. **Joint Apartment Owners—** Where apartment has been purchased jointly by two or more persons, they shall be jointly entitled to the apartment and the share certificates shall be issued in their joint names, but the person whose name stands first in the share alone have the right to vote.

6. **Holding one share compulsory—** Every apartment owner must hold at least one share of the Association.

7. **Disqualification—** No apartment owner is entitled to vote on the election of members of the Board or President, Vice President, Secretary, Treasurer or any other office bearer or entitled to stand for election to such office, if he is in arrears, of any sum due from him in respect of his contributions for common expenses, for more than sixty days on the last day of the year preceding the year in which the election to Board would take place.

## CHAPTER-II
## VOTING, QUORUM AND PROXIES



(झ) इस उप–विधि मे विनिर्दिष्ट उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए समीचीन और उनके कल्याणार्थ सभी आवश्यक या अन्यथा बातों को करना।

(2) प्रयोजन विशेष के लिए इस उप विधि के उपबंधों को सम्यक् रूप से संशोधित किये बिना संघ अपने उद्देश्यों की सीमा से परे कार्य नहीं करेगा।

4. **संघ के सदस्य– (1)** सभी व्यक्ति जिन्होंने .......................... फ्लैट श्रृंखला कोन्डोमिनियम में अपार्टमेंट क्रय किया है और अपार्टमेंट विलेख निष्पादित किया है, वे स्वतः ही संघ के सदस्य हो जाएगें और एक हजार रुपये की प्रवेश फीस का भुगतान करेंगे। प्रत्येक अपार्टमेंट स्वामी उपविधियों की एक प्रति प्राप्त करेगा।

(2) अपार्टमेंट के विक्रय, वसीयत या अंतरण पर अपार्टमेंट का क्रेता या प्राप्तिकर्ता या वसीयतदार या अंतरिती स्वतः ही संघ का सदस्य बन जाएगा और उसे एक हजार रुपये की प्रवेश फीस के भुगतान पर सदस्य के रूप में प्रविष्ट किया जाएगा।

5. **सुंयक्त अपार्टमेंट स्वामी–** जहां दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से कोई अपार्टमेंट क्रय किया गया हो वहां वे संयुक्त रूप से अपार्टमेंट के हकदार होंगे और शेयर प्रमाण पत्र उनके संयुक्त नामों से जारी किये जाएंगे, किन्तु जिस व्यक्ति का नाम शेयर प्रमाण पत्र में पहले होगा केवल उसे ही मत देने का अधिकार होगा।

6. **एक अंश का धारक होना अनिवार्य–** प्रत्यके अपार्टमेंट स्वामी को संघ के कम से कम एक अंश का धारक होना आवश्यक है।

7. **अनर्हता–** कोई अपार्टमेंट स्वामी बोर्ड के सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोशाध्यक्ष या किसी अन्य पद के निर्वाचन में मत देने या ऐसे पद हेतु निर्वाचन के लिए खड़े होने का हकदार नहीं होगा, यदि वह, उस वर्ष, जिसमें निर्वाचन होना है, के पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम दिन को, साझा व्ययों के लिए उसके अंशदानों के संबंध में उसके द्वारा देय किसी धनराशि के लिए साठ से अधिक दिनों का बकायेदार हो।

## अध्याय–दो
## मतदान, गणपूर्ति और परोक्षी ..........

8. **मतदान–** मतदान प्रतिशत के आधार पर होगा, और मत का प्रतिशत जिसके लिए स्वामी हकदार है वह घोषणा में निवास इकाई या इकाइयों को समनुदेशित प्रतिशत है।

9. **गणपूर्ति** – इस अवधि में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, स्वामियों के तीस प्रतिशत की व्यक्तिगत उपस्थिति से गणपूर्ति होगी।

**8. Voting**— Voting shall be on percentage basis, and the percentage of the vote to which the owner is entitled is the percentage assigned to the Dwelling unit or units in the Declaration.

**9. Quorum**— Except as otherwise provided in these bye-laws, the presence in person of 30 percent of owners shall constitute a quorum.

**10. Votes to be cast in person**— Votes will be cast in person. Except as otherwise provided resolution of the Association shall require approval by a majority of owners casting votes in person or proxy.

## CHAPTER-III

## ADMINISTRATION

**11. Powers and duties of Association**— The Association shall have the responsibility of administering the ............ condominium, approving the annual budget, establishing and collecting monthly assessments and arranging for the management of the condominium in an efficient manner.

**12. Place of Meetings**— Meetings of the Association shall be held at a suitable place convenient to the owners as from time to time to be fixed by the Association.

**13. Annual Meetings**— The first meeting of the Association shall be held on ................(date) ...Thereafter the annual meetings of the Association shall be held on such date as the Association may decide. At such meetings Board of Management shall be elected by ballot of the apartment owners in accordance with the requirements of bye-law 23. The owners may also transact such other business of the association as may properly come before them.

**14. Special Meetings**— It shall be the duty of the President to call a special meeting of apartment owners as directed by a resolution of the Board or upon a petition signed by a majority of the owners and having been presented to the Secretary or at the request of the Competent Authority or as the case may be, or any officer duly authorised by him in this behalf. The notice of any special meeting shall state the time and place of such meeting and the purpose thereof. No other business shall be transacted at a special meeting except as stated in the notice without the consent of two-third owners present in person in the meeting.

**15. Notice of Meetings**— It shall be the duty of the Secretary to mail or send notice of each annual or special meeting, stating the purpose thereof



**10. मतों का व्यक्तिगत रूप से देना**– मत व्यक्तिगत रूप से दिये जाएगें। अन्यथा उपबंधित के सिवाय, संघ के संकल्प का अनुमोदन स्वामियों द्वारा साक्षात् या परोक्ष रूप से दिये गये मतों के बहुमत से किया जाएगा।

## अध्याय–तीन

## प्रशासन

**11. संघ की शक्तियों और कर्तव्य**– संघ को .................... फ्लैट श्रृंखला का प्रशासन, वार्षिक बजट का अनुमोदन, मासिक निर्धारणों का स्थापन और संग्रहण और फ्लैट श्रृंखला के प्रबंधन का सुदक्ष रीति में व्यवस्था करने का दायित्व होगा।

**12. बैठक का स्थान**– संघ की बैठक स्वामियों के लिए सुविधाजनक किसी उपयुक्त स्थान पर आयोजित की जाएगी जो कि समय–समय पर संघ द्वारा निर्धारित की जाएगी।

**13. वार्षिक बैठकें**– संघ की प्रथम बैठक दिनांक.................... को होगी। तत्पश्चात् संघ की वार्षिक बैठकें ऐसे दिनांक को रखी जाएगी जैसा संघ द्वारा विनिश्चित किया जाये। ऐसी बैठकों में प्रबंधन बोर्ड का निर्वाचन उप विधि 23 की अपेक्षानुसार अपार्टमेंट स्वामियों के मतदान से किया जाएगा। स्वामियों द्वारा संघ के ऐसे अन्य कार्यों का कारोबार किया जा सकता है जैसा उनके समक्ष समुचित रूप से प्रस्तुत किया जाये।

**14. विशेष बैठकें**– अध्यक्ष का यह कर्तव्य होगा कि वह, यथास्थिति, बोर्ड के संकल्प द्वारा यथा निर्देशित अथवा स्वामियों के बहुमत द्वारा हस्ताक्षरित और सचिव को प्रस्तुत की गई याचिका पर, या सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा इस निमित्त विधिवत् नामित किसी अधिकारी के अनुरोध पर एक विशेष बैठक का आयोजन करें। किसी विशेष बैठक की सूचना में ऐसी बैठक का समय, स्थान और प्रयोजन का उल्लेख किया जाएगा। किसी विशेष बैठक में साक्षात् उपस्थित स्वामियों के दो तिहाई की सहमति के बिना, सूचना में यथा कथित के सिवाय किसी अन्य कार्य का कारोबार नहीं किया जाएगा।

**15. बैठकों की सूचना**– सचिव का यह कर्तव्य होगा कि वह प्रत्येक वार्षिक बैठक या विशेष बैठक का प्रयोजन तथा समय और स्थान, जहां बैठक आयोजित होती है, का उल्लेख करते हुए प्रत्येक अपार्टमेंट स्वामी को ऐसी बैठक से कम से कम दो दिन किंतु सात दिन से अनधिक पूर्व डाक द्वारा प्रेषित करे। ऐसी बैठकों की सभी सूचनाएं, यथास्थिति, सक्षम प्राधिकारी या रजिस्ट्रार को डाक द्वारा प्रेषित की जाएगी।

**16. स्थगित बैठक**– यदि गणपूर्ति की कमी के चलते स्वामियों की कोई बैठक नहीं हो पाती है तो उपस्थित स्वामी जन बैठक को किसी समय के लिए स्थगित कर सकते हैं जो बुलाई गई मूल बैठक के समय से अड़तालीस घंटे से कम न होगी। यदि ऐसी स्थगित बैठक में भी

as well as the time and place where it is to be held to each apartment owner at least two days but not more than seven days prior to such meetings. Notices of all such meetings shall be mailed or sent to the competent authority, or the registrar as the case may be.

16. **Adjourned Meeting**— If any meeting of owners cannot be held for want of quorum the owners who are present, may adjourn the meeting to a time not less than forty-eight hours from the time to original meeting was called. If at such adjourned meeting also, no quorum is present, the owners present in person being not less than two shall form a quorum.

17. **Order of Business**—The order of business at all meetings shall be as follows:-

(a) Roll Call.

(b) Proof of notice of meeting or waiver notice.

(c)Reading minutes of the preceding meeting.

(d) Reports of officers.

(e) Reports of Competent Authority or any officer authorised by them.

(f) Report of Committee.

(g) Election of Board.

(h) Unfinished business, if any.

(i) New Business.

## CHAPTER-IV
## BOARD OF MAGAGEMENT

18. **Management of Association**— The affairs of the association shall be governed by a Board. The Board of Management shall comprise of neither less than 4, nor more than 10 persons to be constituted and elected by the members by simple majority in the General Body Meeting. The principal office bearer of the Association shall be a President, a Vice-President, a Secretary and a Treasurer, all of whom shall be elected by and from the Board. The Board may appoint an Assistant Secretary and an Assistant Treasurer and such other Office bearer as the Board may consider necessary.

19. **President**— The President shall be the Chief Executive Officer of the Association. He shall preside over all meetings of the Association and of



गणपूर्ति न हो पावें, तो साक्षात् उपस्थित स्वामियों से, जो दो से कम न होंगे, गणपूर्ति की जाएगी।

17. **कारोबार का क्रम**– सभी बैठकों में कारोबार का कम निम्नवत् होगा :–

(क) उपस्थिति

(ख) बैठक की सूचना का प्रमाण या अधित्याग सूचना

(ग) पिछली बैठक के कार्यवृत्त का पढ़ना

(घ) अधिकारियों की रिपोर्ट

(ङ) सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा नाम निर्दिष्ट किसी अधिकारी की रिपोर्ट।

(च) समिति की रिपोर्ट

(छ) बोर्ड का निर्वाचन

(ज) असमाप्त कार्य व्यापार, यदि कोई।

(झ) नए कार्य व्यापार

## अध्याय–चार
## प्रबन्धन बोर्ड

18. **संघ का प्रबन्धन**– संघ का कार्य एक बोर्ड द्वारा शासित होगा। प्रबन्धन बोर्ड में 4 से कम और 10 से अधिक सदस्य नहीं होंगे जिसे सामान्य सभा की बैठक में साधारण बहुमत द्वारा सदस्यों द्वारा गठित और निर्वाचित किया जायेगा। संघ के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष होंगे और ये सभी बोर्ड द्वारा और उसी में से निर्वाचित होंगे। बोर्ड एक सहायक सचिव और एक सहायक कोशाध्यक्ष और ऐसे अन्य पदाधिकारी नियुक्त कर सकता है जैसा बोर्ड आवश्यक समझे।

19. **अध्यक्ष** – अध्यक्ष संघ का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा। वह संघ और बोर्ड की सभी बैठकों की अध्यक्षता करेगा। उसके पास ऐसी समस्त सामान्य शक्तियां और कर्तव्य होंगे जो किसी संघ के अध्यक्ष में सामान्यतया निहित होती है जिसमें स्वामियों में से समय–समय पर समितियां नियुक्त करने की शक्ति भी है।

20. **उपाध्यक्ष** – अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अध्यक्ष के कर्तव्यों का निष्पादन करेगा और अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष दोनों के अनुपस्थित होने की दशा में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में अन्तरिम रूप से कार्य करने के लिए बोर्ड के किसी अन्य सदस्य को नियुक्त करेगा। उपाध्यक्ष ऐसे अन्य कर्तव्यों का भी, जैसा बोर्ड द्वारा उसे समय–समय पर सौंपा जाये, निष्पादन करेगा।

the Board. He shall have all the general powers and duties which are usually vested in the office of the President of an Association, including the power to appoint committees from amongst the owners from time to time.

20. **Vice-President**— In the absence of the President the Vice-President shall perform the duties of the President and in case both the President and the Vice-President are absent, the Board shall appoint some other member of the Board to act as President on an interim basis. The Vice-President shall also perform such other duties as may from time to time assigned to him by the Board.

21. **Secretary**— The Secretary shall keep two separate minutes books, one for the Association of the Apartment Owners and the other for the Board, pages of each of which shall be consecutively numbered and authenticated by the President of the Association of Apartment Owners and shall record in the respective minutes books, the resolutions adopted by the Association of Apartment Owners or the Board, as the case may be. He shall have charge of such books and papers as the Board may direct and he shall perform all duties incidental to the office of the Secretary.

22. **Treasurer**— The Treasurer shall be responsible for Association funds and securities and shall also keep full and accurate accounts of all receipts and disbursements in the books.

23. **Manager**— The Board may employ for the Association a manager at a compensation determined by the Board to perform such duties as the Board may authorise.

24. **Powers and Duties of the Board** — The Board shall have powers and duties necessary for the administration of the affairs of the Association.

25. **Other Duties**— In addition to the duties imposed by these bye-laws or by resolution of the Association, the Board shall be responsible for the following :—

(a) maintenance, repair and replacement of the common areas and facilities,

(b) Collection from apartment owners share of common expenses.

(c) resignation and removal of persons employed for the maintenance, repair and replacement of common areas and facilities.

(d) to provide for the manner in which the audit and account of the Association shall be carried out.



21. **सचिव**– सचिव दो पृथक–पृथक कार्यवृत्त पुस्तिका रखेगा, एक अपार्टमेंट स्वामियों के संघ के लिए तथा दूसरी बोर्ड के लिएं होगी और प्रत्येक पुस्तिका के पृष्ट लगातार संख्यांकित होंगे और अपार्टमेंट स्वामियों के संघ के अध्यक्ष द्वारा अभिप्रमाणित किये जायेंगे और संबंधित कार्यवृत्त पुस्तिका में यथास्थिति अपार्टमेंट स्वामियों के संघ या बोर्ड द्वारा स्वीकार किये गये प्रस्तावों को अभिलिखित किया जायेगा। उसके पास ऐसी पुस्तिकाओं और पत्रजात का प्रभार होगा जैसा बोर्ड द्वारा निदेशित किया जाये और वह सचिव के पद से जुड़े सभी कर्तव्यों का निष्पादन करेगा।

22. **कोषाध्यक्ष** – कोषाध्यक्ष संघ के कोष और प्रतिभूतियों के लिए उत्तरदायी होगा और वह पुस्तिकाओं में समस्त प्राप्तियों और वितरण का पूर्ण और सही–सही लेखा रखेगा।

23. **प्रबन्धक**– बोर्ड संघ के लिए बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रतिकर पर एक प्रबन्धक को नियोजित कर सकता है जो ऐसे कर्तव्यों का निष्पादन करेगा जैसा बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किया जायें।

24. **बोर्ड की शक्तियां और कर्तव्य**– बोर्ड में संघ के मामलों के प्रशासन के लिए आवश्यक शक्तियां और कर्तव्य होंगे।

25. **अन्य कर्तव्य**– इस उपविधि या संघ के संकल्प द्वारा अधिरोपित कर्तव्यों के साथ–साथ बोर्ड निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा :–

(क) साझा क्षेत्र और सुविधाओं के अनुरक्षण, मरम्मत और प्रतिस्थापन,

(ख) साझा व्यय का अपार्टमेन्ट स्वामियों के अंश का संग्रहण,

(ग) साझा क्षेत्र और सुविधाओं के अनुरक्षण, मरम्मत और प्रतिस्थापन के लिए नियो–जित व्यक्तियों के त्याग पत्र और उन्हें हटाना,

(घ) ऐसी रीति की व्यवस्था करना जिसमें संघ की लेख परीक्षा और लेखा होगी

(ङ) सचिव/कोषाध्यक्ष द्वारा रखे गयें लेखों का निरीक्षण और पंजियों तथा लेखा बही की परीक्षा करना और संघ के प्रति देय सभी धनराशि की वसूली के लिए कदम उठाना,

(च) यह देखना कि रोकड़ बही तुरन्त लिखी जा रही है और बोर्ड के किसी एक सदस्य द्वारा प्रतिदिन हस्ताक्षरित की जा रही है,

(छ) ऐसा समय और ऐसी रीति विनिर्दिष्ट करना जब संघ की वार्षिक सामान्य बैठक और विशेष सामान्य बैठक होगी और आयोजित की जायेगी।

(e) to inspect the accounts kept by the Secretary/Treasurer and examine the registers and account books and to take steps for the recovery of all sums due to the Association,

(f) to see that cash book is written up promptly and is signed daily by one of the members of the Board.

(g) to specify the times at which and the manner in which the annual general meetings and special general meetings of the Association shall be held and conducted.

**26. Election and term of office—.**

(i) The annual general meeting of the Association, to be held in the first quarter of each financial year, shall elect neither less than 4, nor more than 10 Members including the President, Vice President, Secretary, and Treasurer from Members of the Association.

Provided that no member shall be eligible for election if he has been found guilty of misusing the post during his previous term. The term of office of the office-bearers of the Board shall be one year from the date of assuming office and they will be eligible for re-election.

Provided that a person can not hold the same post continuously for more than 2 years.

(ii) An arrangement shall be made by the board to ensure that one third of members of the board retire annually.

(iii) The office bearers shall hold office until their successors have been elected and hold their first meeting.

**27.Vacancies—** The vacancies in the Board caused by any reason other than the removal of a office bearer by a vote of the Association shall be filled by vote of the majority of the remaining office bearers, even though they may constitute less than a quorum and each person so elected shall be a office bearer until a successor is elected at the next annual meeting of the Association.

**28. Removal of office bearers—** At any regular or special meeting duly called, any one or more of the Office bearers may be removed with or without cause by a majority of apartment owners and a successor may then and there be elected to fill the vacancy thus created. Any Office bearer whose removal have been proposed by the owners shall be given an opportunity to be heard at the meeting.



**26. निर्वाचन और पदावधि –**

(एक) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास में संघ की वार्षिक सामान्य बैठक होगी जिसमें संघ के सदस्यों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष सहित न्यूनतम 4 और अधिकतम 10 सदस्य निर्वाचित किये जायेंगे। परन्तु यह कि यदि कोई सदस्य अपनी पिछली पदावधि में पद के दुरुपयोग का दोषी पाया गया है तो वह निर्वाचन के लिए अर्ह नहीं होगा। बोर्ड के पदाधिकारियों की पदावधि कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष के लिए होगी और वे पुनर्निर्वाचन के लिए अर्ह होंगे। परन्तु यह कि कोई व्यक्ति एक ही पद दो वर्ष से अधिक के लिए नहीं रख सकता है।

(दो) बोर्ड द्वारा यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जायेगी कि बोर्ड के एक तिहाई सदस्य वार्षिक रूप से निवृत्त हों।

(तीन) पदाधिकारी तब तक अपना पद धारण करते रहेंगे जब तक उनके उत्तराधिकारी निर्वाचित नहीं हो जाते और अपनी प्रथम बैठक नहीं कर लेते।

**27. रिक्तियां–** संघ के मत द्वारा हटाये जाने से भिन्न किसी कारण से हुई बोर्ड की रिक्तियों को शेष पदाधिकारियों के बहुमत के मत द्वारा भरा जायेगा भले ही वह गणपूर्ति की संख्या से कम हों और इस प्रकार निर्वाचित प्रत्येक सदस्य तब तक पदाधिकारी रहेगा जब तक कि संघ की आगामी वार्षिक बैठक में उसका उत्तराधिकारी न निर्वाचित हो जाये।

**28. पदाधिकारियों का हटाया जाना–** सम्यक् रूप से बुलाई गयी किसी नियमित या विशेष बैठक में अपार्टमेंट स्वामियों के बहुमत से किसी एक या अधिक पदाधिकारी को कारण से या अकारण हटाया जा सकेगा और इस प्रकार हुयी रिक्ति को भरने के लिए उसी समय उसके उत्तराधिकारी को निर्वाचित किया जा सकेगा। किसी पदाधिकारी को, जिसको हटाया जाना स्वामियों द्वारा प्रस्तावित किया गया हो, बैठक में सुनवाई का एक अवसर दिया जायेगा।

**29. बैठक का आयोजन–** नव निर्वाचित बोर्ड की प्रथम बैठक निर्वाचन के दस दिन के भीतर ऐसे स्थान पर जैसा, उस बैठक में जिसमें ऐसे पदाधिकारी निर्वाचित हुए हों, पदाधिकारियों द्वारा नियत किया जाये और ऐसी बैठक के गठन के लिए विधिसम्मत रूप से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किसी सूचना की आवश्यकता नहीं होगी परन्तु यह कि बोर्ड के अधिकांश सदस्य उपस्थित हों।

**30. नियमित बैठकें–** बोर्ड की नियमित बैठक ऐसे समय और ऐसे स्थान पर आयोजित होंगी जैसा पदाधिकारियों के बहुमत द्वारा समय–समय पर नियत किये जायें परन्तु प्रत्येक वर्ष के दौरान कम से कम ऐसी दो बैठकें होंगी। बोर्ड के नियमित बैठक की सूचना ऐसी बैठक के दिनांक से कम से कम तीन दिन पूर्व व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा दी जायेगी।

**29. Organisation of meeting**—The first meeting of a newly elected Board shall be held within ten days of election at such place as may be fixed by the office bearers at the meeting at which such office bearers were elected and no notice shall be necessary to the newly elected office bearers in order legally to constitute such meeting, provided a majority of the members of the Board shall be present.

**30. Regular Meetings**— Regular meeting of the Board may be held at such time and such place as may be determined from time-to-time by a majority of office bearers but at least two such meetings shall be held during each year. Notice of regular meetings of the Board shall be given to each office bearer personally or by mail at least three days prior to the date of such meeting.

**31. Special Meetings**— Special meetings may be called by the President on three days' notice to each office bearer and notice of such meeting may be given personally to each office bearer. Special meetings of the Board shall be called by the President or the Secretary on a written request of at least three office bearers.

**32. Waiver of notice**— Before any meeting of the Board any office bearer, may in writing waive notice of such meeting and such waiver shall be deemed equivalent to the giving of such notice.

**33. Quorum**— In all the meetings of the Board 1/3rd of the total strength of the office bearers shall constitute a quorum. If at any meeting of the Board there be less than a quorum present the majority of those present may adjourn the meeting, the members present in person being not less than 3 shall form a quorum and the business which might have been transacted at the meeting originally called may be transacted without further notice.

**34. Fidelity Bonds**— The Board may require that all officers and employees of the Association handling or responsible for Association funds shall furnish adequate fidelity bonds. The premium on such bonds shall be paid by the Associations.

## CHAPTER-V

## OBLIGATION OF THE APARTMENT OWNERS

**35.Assessments**— All the owners are obliged to pay monthly assessments imposed by Association to meet all expenses related to the .......... condominium. The assessment shall be made on the value of the unit.



**31. विशेष बैठकें**– अध्यक्ष द्वारा प्रत्येक पदाधिकारी को कम से कम तीन दिन की सूचना पर बोर्ड की विशेष बैठक बुलायी जा सकेगी और ऐसी बैठक की सूचना प्रत्येक पदाधिकारी को व्यक्ति रूप से दी जा सकेगी। बोर्ड की विषेश बैठकें अध्यक्ष या सचिव द्वारा कम से कम तीन पदाधिकारियों के लिखित अनुरोध पर बुलायी जा सकेगी।

**32. सूचना को छोड़ना**– बोर्ड की किसी बैठक से पूर्व कोई भी पदाधिकारी लिखित रूप से ऐसी बैठक की सूचना छोड़ सकता है और इस प्रकार सूचना से छूट को ऐसी सूचना देने के समान ही माना जायेगा।

**33. गणपूर्ति** – बोर्ड की किसी भी बैठक में पदाधिकारियों की कुल संख्या की एक तिहाई संख्या गणपूर्ति होगी। यदि बोर्ड की किसी बैठक में उपस्थित गणपूर्ति से कम हों तो उपस्थित के बहुमत से बैठक स्थगित की जा सकती है, व्यक्तिगत रूप से उपस्थित कम से कम तीन सदस्यों से गणपूर्ति होगी और मूलरूप से बुलायी गयी बैठक में जो कार्य किये जाते वे कार्य बिना किसी अग्रतर सूचना के किये जा सकते है।

**34. फिडेलिटी बाण्ड**– संघ के कोष को व्यवहृत कर रहे या उसके उत्तरदायी संघ के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से बोर्ड पर्याप्त फिडेलिलटी ब्राण्ड प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है। ऐसे बाण्डों पर प्रीमियम का भुगतान संघ द्वारा किया जायेगा।

## अध्याय–पांच

## अपार्टमेन्ट स्वामियों की वचनबद्धता

**35. निर्धारण**– प्रत्येक स्वामी फ्लैट श्रृंखला से संबधित व्ययों को पूरा करने के लिए संघ द्वारा अधिरोपित मासिक निर्धारण का भुगतान करने के लिए वचनबद्ध है। प्रत्येक इकाई की मूल्य पर निर्धारण किया जायेगा।

**36. अनुरक्षण और मरम्मत**– प्रत्येक स्वामी अपनी इकाई के भीतर ही

(1) अनुरक्षण और मरम्मत करेगा

(2) इकाई के आन्तरिक रूप से स्थापनाओं की सभी मरम्मत जैसे जल, प्रकाश, गैस, बिजली, नाली निकास, टेलीफोन,वातानुकूल न, स्वच्छता से संबंधित स्थापनायें दरवाजें, खिड़कियां, लैम्प और अन्य सभी सहयोगी सामग्री संबंधित अपार्टमेन्ट स्वामी के व्यय पर होगी।

(3) स्वामी द्वारा किसी साझा क्षेत्र और सुविधायें की मरम्मत या प्रतिस्थापना के लिए, जो उसकी त्रुटि के कारण क्षतिग्रस्त हो, किसी व्यय की प्रतिपूर्ति संघ को की जायेगी।

**36. Maintenance and Repairs**— (1) Every owner must perform all maintenance and repair work within his own unit.

(2) All the repairs of internal installations of the unit such as water, light, gas, power, sewerage, telephone, air-conditioners, sanitary installations, doors, windows, lamps, and all other accessories, shall be at the expense of apartment owner concerned.

(3) The Owner shall re-imburse the association for any "expenditure" incurred in repairing or replacing any common area and facilities damaged due to his fault.

(4) The apartment owner shall obtain police verification report of the proposed tenant from the concern police station while letting out the apartment on rent to ensure that the proposed tenant is not a criminal or troublesome.

